पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

मरीजों एवं तीमारदारों की निःस्वार्थ सेवा करने वाले विभिन्न अस्पतालों के कार्मिकों को मिला सम्मान

मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा–श्री मानवेन्द्र सिंह

मुसीबत में की गई निःस्वार्थ सेवा सच्चा धर्म–श्री स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ : 05 अक्टूबर, 2026

उत्तर प्रदेश में मरीजों एवं तीमारदारों के सहायतार्थ काम करने वाली संस्था ''धन्वन्तरि सेवा न्यास'' ने आज इस पूरे सामाजिक कार्य को सफलता के साथ सम्पन्न कराने वाले अस्पतालों के कर्मचारियों को सम्मानित किया। तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन, लखनऊ में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मानवेन्द्र सिंह जी, सभापति उ0प्र0 विधान परिषद एवं श्री स्वतंत्र देव सिंह जी कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0 सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए।

इस मौके पर समाज सेवा जैसे नेक कार्य को करने वाली विभिन्न सरकारी अस्पतालों के कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मानवेन्द्र सिंह जी, सभापति उ0प्र0 विधान परिषद ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है और उस वक्त जब व्यक्ति आत्म केन्द्रित हो जा रहा उस दौरान जो अस्पतालों में इलाज कराते हुए मरीज और उनके तीमारदारों के कष्ट और परेशानी को कम करने के लिए निःस्वार्थ भाव से तत्पर रहते हैं। वे लोग सम्मान के सच्चे पात्र हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री स्वतंत्र देव सिंह जी, कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए बीमारी एक मुसीबत लेकर आती है। वह न सिर्फ खुद परेशान होता है बल्कि उनके तीमारदारों के लिए भी वह दौर संघर्ष पूर्ण होता है। मुसीबत के समय जब कोई निःस्वार्थ भाव से सहायता का हाथ बढ़ाता है तो वह सच्चे अर्थों में देवतुल्य होता है।

गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में के0जी0एम0यू0, लखनऊ, डा0 राममनोहर लोहिया आर्युविज्ञान संस्थान, बलरामपुर चिकित्सालय, लोकबन्धु राजनारायण संयुक्त, चिकित्सालय, रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय, डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल हजरतगंज, के कर्मचारियों को उनके अभूतपूर्व सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीयुत मानवेन्द्र सिंह जी, अध्यक्षता, श्रीयुत स्वतंत्र देव सिंह जी, कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0 सरकार एवं धनवन्तरि सेवा न्यास के अध्यक्ष प्रो0 डा0 सूर्यकान्त त्रिपाठी, सचिव, प्रो0 डा0 नीरज मिश्रा, कोषाध्यक्ष लक्षित जोशी कार्यक्रम के संयोजक सन्तोष पटेल एवं अवध प्रान्त के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

सम्पर्क सूत्र– इंजेश सिंह

राम यतन/06:10 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in